हिन्दी व्याकरण-6

पाठ – 1 भाषा, लिपि, बोली और व्याकरण

बातों-बातों में

1. भाषा के माध्यम से।
2. भाषा के दो रूप होते हैं–
   1. मौखिक, 2. लिखित
3. लिखकर या पढ़कर भाव व्यक्त करना, लिखित भाषा है।
4. लिखित रूप के संकेत चिह्न लिपि कहलाते हैं।
5. व्याकरण के द्वारा हमें भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान होता है।

लिखित में

(क) 1. भाषा भावों और विचारों के आदान-प्रदान का माध्यम है।
  2. **मौखिक भाषा** को बोलकर या सुनकर समझते हैं, जबकि लिखकर या पढ़कर भावों का आदान-प्रदान करने को **लिखित भाषा** कहते हैं।
  3. नेपाली।
  4. रोमन।
  5. भाषा से सम्बन्धित नियम ही हमें शुद्धता या अशुद्धता का ज्ञान कराते हैं।

(ख) 1. (ii) मौखिक
  2. (iii) भाष्
  3. (i) ब्राह्मी
  4. (ii) राजभाषा

(ग) 1. (×), 2. (✓), 3. (×), 4. (×), 5. (✓)

(घ) 1. शुद्ध, 2. 22, 3. फारसी, 4. हिंदी, 5. हिंदी दिवस।

सोच-समझ से

1. देश के अधिकांश नागरिकों द्वारा प्रयोग में लाई जाती है।
2. अत्यंत सीमित क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा **बोली** कहलाती है; जैसे–ब्रजभाषा, अवधी, भोजपुरी आदि।
3. भाषा के कारण ही मनुष्य पशु-पक्षियों से अलग है।

कुछ करके देखिए

खड़ी– 1. सिंधी, 2. उड़िया, 3. तमिल, 4. हिंदी, 5. मणिपुरी।

आड़ी–1. मलयालम, 2. तेलुगू, 3. संथाली, 4. बोडो, 5. डोगरी।

✦ छात्र स्वयं करें।

पाठ – 2 वर्ण-विचार

बातों-बातों में

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई को **वर्ण** कहते हैं।
2. वर्ण दो प्रकार के होते हैं।
3. वर्ण भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है, जबकि वर्णों के समूह को वर्णमाला कहते हैं।
4. क्ष, त्र
5. ये दो हैं– ड़, ढ़।
6. च् + च = बच्चा, न् + न = अन्न।

लिखित में

(क) 1. अयोगवाह कहलाते हैं।
  2. आ, ई, ए, ऐ, ओ तथा औ दीर्घ स्वर कहलाते हैं।
  3. अंतस्थ व्यंजन।
  4. जो व्यंजन दो या दो से अधिक व्यंजनों के मेल से बनते हैं, उन्हें **संयुक्त व्यंजन** कहते हैं, लेकिन जब कोई स्वर रहित व्यंजन अन्य किसी स्वर सहित व्यंजन के साथ आता है तो उसे **संयुक्ताक्षर** कहते हैं।

5. जिन स्वरों के उच्चारण में ह्रस्व स्वर से दो गुना समय लगता है, उन्हें **दीर्घ स्वर** कहते हैं; जैसे– आ, ई, ऊ, ए, ऐ, ओ तथा औ, जबकि **ह्रस्व स्वर** के उच्चारण में दीर्घ स्वर का आधा समय लगता है; जैसे– अ, इ, उ, ऋ।

(ख) 1. (i) बॉल
2. (iii) प्लुत स्वर
3. (iii) विसर्ग
4. (ii) श् + र् + अ + म् + अ

(ग) 1. (×), 2. (×), 3. (✓), 4. (✓), 5. (×)

(घ) 1. 11, 2. ह्रस्व स्वर, 3. मात्रा, 4. वर्ण-विच्छेद।

(ङ) श् + ऋ + ङ् + ग् + आ + र् + अ (शृंगार)
स् + आ + ग् + अ + र् + अ (सागर)
म् + अ + ह् + अ + र् + षि (महर्षि)
प् + अ + न् + क् + अ + ज् + अ (पंकज)
श् + र् + अ + व् + अ + ण् + अ (श्रवण)
ड् + र् + म् + अ (ड्रम)

➡ सोच-समझ से

1. स्वरों का वर्गीकरण उच्चारण में लगने वाले समय के आधार पर किया गया है।
2. संयुक्त व्यंजन– क्ष, त्र, ज्ञ, श्र।

द्वित्व व्यंजन– च् + चा = बच्चा
त् + त = पत्ता
क् + क = पक्का
ड् + ड = लड्डू
न् + न = अन्न

3. सड़क, पढ़ना, बढ़िया, गाड़ी।

➡ कुछ करके देखिए

हंस (एक पक्षी) = हँस (हँसना)
अंग (शरीर का भाग) = अँगना (आँगन)
कंस (एक राजा) = कस (कसना)
रंग (कलर) = (रँग) (रंगना)
बंद (बंद) = बंद (जुड़ा हुआ)
पंख (पंख) = पख (पक्षी)
मंदिर (पूजा स्थल) = मंदर (मंद, धीमा)
भांग (एक पौधा)= भांग (भाग का सेवन)
छंग (शराब) = छँग (छलना, धोखा)
जंग (लड़ाई) = जंग (लौह पर जंग)

मुख्य अंतर– अनुस्वार (ं) अक्सर पंचम वर्ण (ङ्, ञ्, ण्, न्, म्) के स्थान पर आता है, जबकि अनुनासिक (ँ) स्वर के साथ नाक और मुँह से बोली जाने वाली ध्वनि होती है, और यह आमतौर पर चंद्रबिंदु (ँ) के रूप में लिखा जाता है, खासकर जब वर्ण के ऊपर कोई मात्रा न हो।

पँछी गाँव के ऊँचे पेड़ पर बैठकर चूँ-चूँ कर रहे हैं।

पाठ – 3 संधि

➡ बातों-बातों में

1. दो समीपवर्ती वर्णों के मेल से जो परिवर्तन होता है, उसे **संधि** कहते हैं।
2. स्वर संधि के पाँच भेद होते हैं।
3. स्वर संधि में केवल स्वरों का मेल होता है।
4. विसर्ग (:) के बाद स्वर या व्यंजन आने पर जो परिवर्तन होता है, उसे **विसर्ग संधि** कहते हैं।

➡ लिखित में

(क) 1. उच्चारण के समय कभी-कभी ध्वनियाँ इतनी निकट आ जाती हैं कि वे अलग-अलग न सुनाई देकर अन्य ध्वनि के रूप में सुनाई देती हैं।

वर्णों का यही मेल संधि कहलाता है। जैसे– गण + ईश = गणेश।

2. जब किसी व्यंजन का किसी स्वर अथवा व्यंजन के साथ मेल होने पर उसमें जो परिवर्तन होता है उसे **व्यंजन संधि** कहते हैं। जैसे–सम् + मान = सम्मान, वि + षम = विषम।
3. यदि 'अ' या 'आ' के बाद 'इ' या 'ई' आए तो (ए) 'उ' या 'ऊ' आए तो (अर्) हो जाता है। जैसे– अ + इ = नर + इन्द्र।
4. संधि के तीन भेद होते हैं–

1. **स्वर संधि–**दो स्वरों का आपस में मेल होने पर उसमें जो परिवर्तन होता है, उसे **स्वर संधि** कहते हैं; जैसे– पुस्तक + आलय = पुस्तकालय।
2. **व्यंजन संधि–**जब किसी व्यंजन का किसी स्वर अथवा व्यंजन के साथ मेल होने पर उसमें जो परिवर्तन होता है उसे **व्यंजन संधि** कहते हैं; जैसे– तत् + लीन = तल्लीन।
3. **विसर्ग संधि– (:)** विसर्ग के बाद स्वर या व्यंजन पर जो परिवर्तन होता है, उसे **विसर्ग संधि** कहते हैं। जैसे– दु: + जन = दुर्जन।

(ख) 1. (ii) गै + अक
2. (iii) देव्यालय
3. (i) महा + आत्मा
4. (ii) मन: + रंजन
5. (ii) विसर्ग संधि

(ग) 1. विद्या + अर्थी = दीर्घ स्वर संधि
2. हरि + ईश = दीर्घ स्वर संधि
3. सुर + ईश = गुण स्वर संधि
4. पर + उपकार = गुण स्वर संधि
5. मंजु + ऊषा = दीर्घ स्वर संधि
6. सदा + एव = वृद्धि स्वर संधि
7. मातृ + आज्ञा = यण् स्वर संधि
8. गै + अक = अयादि स्वर संधि
9. उत् + लेख = व्यंजन संधि
10. आशी: + वाद = विसर्ग संधि

(घ) 1. (✓), 2. (×), 3. (×), 4. (✓), 5. (×)

(ङ) 1. संधि-विच्छेद
2. व्यंजन-संधि
3. पाँच
4. ध्वनियों

सोच-समझ से

1. छात्र स्वयं करें।
2. गुण संधि। छात्र स्वयं करें।

कुछ करके देखिए

1. छात्र स्वयं करें।
2. छात्र स्वयं करें।

पाठ – 4 शब्द–विचार

बातों-बातों में

1. हम ध्वनियों की ऐसी रचना को शब्द नहीं कह सकते जिसमें कोई निश्चित अर्थ न हो या जो भाषा के ध्वनि-विन्यास के अनुसार न बनी हो।
2. तत्सम शब्द कहलाते हैं।
3. लोटा, जूता।
4. वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बनते हैं, किंतु विशेष अर्थ प्रकट करते हैं, **योगरूढ़ शब्द** कहलाते हैं।
5. सार्थक शब्द वे होते हैं जिनका कोई निश्चित और स्पष्ट अर्थ होता है; जैसे–पानी, घर, खाना, जबकि निरर्थक शब्द वे होते हैं जिनका कोई अर्थ नहीं होता, या जो बिना अर्थ के ही प्रयोग किए जाते हैं; जैसे–नीपा, बानी, बकवास।

लिखित में

(क) 1. रचना के आधार पर शब्दों के तीन

भेद हैं।

2. वर्णों के सार्थक समूह को **शब्द** कहते हैं; जैसे–सूरज, बतख, कमल।
3. शब्दों को वर्गीकरण के आधार पर चार भागों में बाँटा गया है।
4. वे शब्द जो अनेक सार्थक शब्दों के मेल से बनते हैं, **यौगिक शब्द** कहलाते हैं; जैसे–जलयान = जल + यान, परोपकार = पर + उपकार, जबकि वे शब्द जो दो या दो से अधिक शब्दों के मेल से बनते हैं, किंतु विशेष अर्थ प्रकट करते हैं, योगरूढ़ शब्द कहलाते हैं। जैसे–महात्मा = महान + आत्मा अर्थात् महान आत्मा वाला।

(ख) 1. (ii) घी
2. (iii) विदेशी शब्द
3. (i) नीलकंठ
4. (i) एकार्थी

(ग) 1. (✗), 2. (✗), 3. (✓), 4. (✓), 5. (✗)

(घ) 1. अनेकार्थी
2. विकारी
3. विकारी
4. तद्भव
5. सार्थक

(ङ)

तत्सम शब्द	**तद्भव शब्द**
जिह्वा	सूरज
कर्म	सात
कंटक	दिन
कोकिल	कुआँ
क्षेत्र	कान
सर्प	पत्ता
अश्रु	गाँव
आम्र	माह

➡ सोच-समझ से

1.

देशज शब्द	**विदेशी शब्द**
लोटा	ट्रेन
खिचड़ी	पुलिस
खिड़की	शर्ट
पगड़ी	बैंक
ठेस	जमीन
जूता	नमक
थैला	सरदार
लुटिया	कुली
गड़बड़ी	दारोगा
चिड़िया	बाल्टी

2.

योगरूढ़ शब्द	**यौगिक शब्द**
नीलकंठ (शिव)	रसोईघर (रसोई+घर)
लंबोदर (गणेश)	पुस्तकालय (पुस्तक + आलय)
पंकज (कमल)	चिड़ियाघर (चिड़िया + घर)
दशानन (रावण)	राजकुमार (राज + कुमार)
जलज (कमल)	राजमहल (राज + महल)

➡ कुछ करके देखिए

1. अखबार
2. स्वाभाविक
3. हिमालय
4. महाभारत
5. औषधालय

पाठ – 5 शब्द-भण्डार

➡ बातों-बातों में

1. एक-दूसरे का विपरीत या उल्टा अर्थ प्रकट करने वाले शब्दों को **विपरीतार्थक** या **विलोम शब्द** कहते हैं।

2. वस्त्र, वसन
3. एक शब्द
4. जो शब्द सुनने में एक समान प्रतीत होते हैं, किन्तु उनके अर्थ भिन्न-भिन्न होते हैं, श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहलाते हैं।

लिखित में

(क) 1. जो शब्द लगभग एकसमान अर्थ बतलाते हैं, वे पर्यायवाची शब्द कहलाते हैं।
2. एक-दूसरे का उल्टा अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं; जैसे–गुरु - शिष्य, दिन - रात।
3. अमृत–सुधा, सोम, अमिय, पीयूष। तलवार–खड्ग, कृपाण, असि, करवाल।
4. आचार– व्यवहार।
अचार– खाने का अचार।
चालक– वाहन चलाने वाला।
चालाक– चतुर।
5. वाक्यांशों या अनेक शब्दों के लिए एक शब्द के रूप में प्रयोग किए जाते हैं। जैसे–जो कम बोलता हो = मितभाषी, जो बोलता न हो = मूक/गूँगा।

(ख) 1. (i) मृग
2. (ii) विराग
3. (iii) चतुर
4. (ii) गृहिणी

(ग) 1. (×), 2. (✓), 3. (×), 4. (×), 5. (✓)

(घ) 1. तुरंग/तरंग
2. अन्न/अन्य
3. पक्का/पका
4. काट/काठ
5. चालक/चालाक

(ङ) 1. जिसकी आने की तिथि ज्ञात न हो।
2. पति-पत्नी का जोड़ा।
3. जिसका आचरण अच्छा हो।
4. थोड़ा-बहुत जानने वाला।
5. जिसका कोई शत्रु न हो।

सोच-समझ से

1. दया : विनम्रता।
2. वाक्यांश के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग भाषा को संक्षिप्त, सरल, प्रभावशाली, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए किया जाता है, जिससे कम शब्दों में पूरे को भाव व्यक्त किया जा सके।

कुछ करके देखिए

बाएँ से दाएँ	ऊपर से नीचे
1. आत्मविश्वास	1. आज्ञाकारी
2. स्वार्थी	2. विद्यार्थी
3. अनुभवी	3. समाजसेवी
4. दैनिक	4. दर्शक
5. ज्ञानी	

पाठ – 6 उपसर्ग, प्रत्यय और समास

बातों-बातों में

1. निर्भय, निडर।
2. पाठक, लेखक।
3. लोहार, सुनार
4. समास के छः भेद हैं।

लिखित में

(क) 1. जिन शब्दांशों को शब्दों के प्रारंभ में जोड़कर शब्द निर्माण किया जाता है, उन्हें **उपसर्ग** कहते हैं। जैसे–अज्ञान, अभिमान।
2. जिन शब्दांशों को शब्दों के अंत में जोड़कर शब्द निर्माण किया जाता है, उन्हें प्रत्यय कहते हैं। जैसे–मुखिया, दुखिया।
3. कृत् प्रत्यय और तद्धित प्रत्यय में मुख्य अंतर यह है कि कृत् प्रत्यय

क्रिया या धातु के अंत में जुड़कर नये शब्द बनाते हैं, जबकि तद्धित प्रत्यय संज्ञा, सर्वनाम या विशेषण के अंत में जुड़ते हैं। कृत् प्रत्यय से बने शब्द कृदंत कहलाते हैं; जैसे– लिख् + अक = लेखक, जबकि तद्धित प्रत्यय से बने शब्द 'तद्धितांत' कहलाते हैं; जैसे– मानव + ता = मानवता।

4. जब दो या दो से अधिक शब्दों को संक्षिप्त करके नए शब्द की रचना की जाती है तो उस रचना को समास कहते हैं; जैसे–यथासंभव, पंचवटी।
5. कर्मधारय में एक पद विशेषण (या उपमान) और दूसरा विशेष्य (या उपमेय) होता है, जहाँ शब्दार्थ प्रधान होता है; जैसे– नीलकंठ = नीला कंठ, जबकि बहुव्रीहि में दोनों पद मिलकर किसी तीसरे, अन्य अर्थ की ओर इशारा करते हैं; जैसे– नीलकंठ = शिव, जिसमें तीसरा अर्थ प्रधान होता है, न कि मूल पद।

(ख) 1. (ii) घबराहट
2. (i) पूजा
3. (iii) जादूगर
4. (iii) बहुव्रीहि

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (×), 4. (✓), 5. (×)

(घ) 1. निडर, निधन
2. अत्यधिक, अतिशय
3. अभिनय, अभिलाषा
4. कमजोर, कमअक्ल
5. बिनब्याहा, बिनदेखा
6. उपकार, उपयोग
7. अनबन, अनमोल
8. अवगुण, अवनति

(ङ) 1. दिख + आवा = दिखावा
2. हँस + ओड़ = हँसोड़
3. पढ़ + आई = पढ़ाई
4. भूल + अक्कड़ = भुलक्कड़
5. फूल + दान = फूलदान
6. अच्छा + ई = अच्छाई
7. लोहा + हार = लुहार
8. मोटा + पा = मोटापा
9. चोर + ई = चोरी
10. जार + दारी = जारदारी

(च) 1. करोड़ों का पति (तत्पुरुष समास)
2. पाँच तत्वों का समूह (द्विगु समास)
3. चार भुजाओं का समूह (द्विग समास)
चार भुजाएँ हैं जिसकी (भगवान विष्णु) (बहुव्रीहि समास)
4. दिन और रात (द्वंद्व समास)
5. महान है जो देव (बहुव्रीहि समास)

➡ सोच–समझ से

विज्ञान शब्द में	उपसर्ग (वि)
प्रगति शब्द में	उपसर्ग (प्र)
मानव शब्द में	प्रत्यय (अ)
अत्यधिक शब्द में	उपसर्ग (अति)
सरलता शब्द में	प्रत्यय (ता)
प्रदान शब्द में	उपसर्ग (प्र)
कामों शब्द में	प्रत्यय (ओं)
कुशलता शब्द में	प्रत्यय (ता)
सृजनात्मकता शब्द में	प्रत्यय (आत्मकता)

➡ कुछ करके देखिए

1. त्रिकोण
2. त्रिभुवन
3. लंकापति
4. संसद
5. नमक

6. आजकल
7. महात्मा
8. सत्याग्रह
9. हलधर
10. भवन
11. कमल

पाठ – 7 संज्ञा

➡ बातों-बातों में

1. किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान का बोध करने वाले शब्द **संज्ञा** कहलाते हैं।
2. जातिवाचक संज्ञा के अंतर्गत।
3. भाववाचक संज्ञा

➡ लिखित में

(क) 1. किसी व्यक्ति, प्राणी, वस्तु, स्थान अथवा भाव के नाम का बोध कराने वाले शब्दों को संज्ञा कहते हैं; जैसे–सिद्धार्थ, हंस, उपवन आदि।

2. **संज्ञा के प्रमुख भेद तीन हैं–** व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा और भाववाचक संज्ञा।

3. **द्रव्यवाचक संज्ञा–** द्रव्य या विभिन्न धातुओं का बोध करवाने वाले शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे–लोहा, सोना, चाँदी, घी, तेल, दूध आदि।

समूहवाचक संज्ञा–समूह या समुदाय का बोध करवाने वाले शब्द समूह-वाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे–कक्षा, सेना, भीड़ आदि।

4. **भाववाचक संज्ञा–** भाववाचक संज्ञाओं को देखा और छुआ नहीं जा सकता। इन्हें केवल इन्द्रियों द्वारा अनुभव किया जाता है; जैसे–बचपन, मित्रता आदि।

(ख) 1. (ii) रमेश
2. (iii) नदी
3. (ii) मनुष्यता
4. (ii) तेजी

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (✓)

(घ) 1. चुनाव 2. सरलता
3. इंसानियत 4. मिलावट
5. अहंकार

(ङ) 1. खटास 7. सफलता
2. सफेदी 8. यौवन
3. सरलता 9. स्वत्व
4. ऊँचाई 10. ममता
5. महानता 11. राष्ट्रीयता
6. गहराई 12. कवित्व

➡ सोच-समझ से

व्यक्तिवाचक	**जातिवाचक**	**भाववाचक**
भारत	कृषि	जीवन
	देश	काम
	जनसंख्या	मेहनत
	हिस्सा	सूर्योदय
	खेती	गर्मी
	किसान	सर्दी
	रात	बरसात
	दिन	कड़ी
	खेतों	मेहनत
	अन्न	
	भारतवासियों	
	पेट	
	बैलों	
	मौसम	
	ऋतुओं	

व्यक्तिवाचक संज्ञा किसी एक विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान का नाम बताती

है; जैसे–राम, दिल्ली, गंगा, जबकि जातिवाचक संज्ञा किसी पूरी जाति या वर्ग का बोध कराती है; जैसे–लड़का, शहर, नदी, व्यक्तिवाचक एक नाम होता है जबकि जातिवाचक उसका सामान्य वर्ग; व्यक्तिवाचक विशिष्ट होता है और जातिवाचक सामान्य।

कुछ करके देखिए

ए.पी.जे. अब्दुल कलाम	व्यक्तिवाचक संज्ञा
गुलाब के फूल	व्यक्तिवाचक संज्ञा
दलिया	जातिवाचक संज्ञा
इमारत	जातिवाचक संज्ञा
लड़का	जातिवाचक संज्ञा

पाठ – 8 संज्ञा के विकारः लिंग, वचन और कारक

बातों-बातों में

1. लिंग के दो भेद होते हैं– पुल्लिंग और स्त्रीलिंग।
2. अप्राणिवाचक संज्ञा शब्दों में लिंग जानने में कठिनाई होती है। इनकी पहचान व्याकरणिक होती है। इनका निर्णय प्रयोग के आधार पर ही सम्भव है।
3. 'आँसू' शब्द हमेशा **बहुवचन** होता है, जबकि 'वर्षा' शब्द आमतौर पर **एकवचन** होता है।
4. कारक के आठ भेद होते हैं–1. कर्ता, 2. कर्म, 3. करण, 4. संप्रदान, 5. अपादान, 6. संबंध, 7. अधिकरण, 8. संबोधन।

लिखित में

(क) 1. शब्द के जिस रूप से यह पता चले कि वह पुरुष-जाति का है या स्त्री-जाति का, उसे **लिंग** कहते हैं; जैसे–पुल्लिंग–हिमालय, शेर, राजा आदि। स्त्रीलिंग–खाड़ी, शेरनी, रानी आदि।

2. स्त्रीलिंग और पुल्लिंग में मुख्य अंतर यह है कि पुल्लिंग पुरुष जाति; जैसे–लड़का, पिता का बोध कराते हैं, जबकि स्त्रीलिंग स्त्री जाति; जैसे–लड़की, माता का बोध कराते हैं।

3. वचन के दो भेद होते हैं–

1. **एकवचन–** एक वस्तु या प्राणी का बोध कराने वाले शब्द **एकवचन** कहलाते हैं; जैसे–चिड़िया, पुस्तक, माला आदि।

2. **बहुवचन–**एक से अधिक वस्तुओं या प्राणियों का बोध कराने वाले शब्द **बहुवचन** कहलाते हैं; जैसे–चिड़ियाँ, पुस्तकें, मालाएँ आदि।

4. सदैव एकवचन में प्रयोग होते हैं–पानी, वर्षा, हवा, दूध आदि।
सदैव बहुवचन में प्रयोग होते हैं–आँसू, हस्ताक्षर, बाल, दर्शन आदि।

5. करण कारक और अपादान कारक दोनों में 'से' विभक्ति का प्रयोग होता है, लेकिन मुख्य अंतर यह है कि करण कारक में 'से' साधन या माध्यम बताता है; जैसे– कलम से लिखता है, जबकि अपादान कारक में 'से' अलग होने, निकलने, डरने या तुलना करने का भाव दर्शाता है; जैसे– पेड़ से फल गिरते हैं।

(ख) 1. (ii) नर मक्खी
2. (ii) भालू
3. (iii) गाय
4. (i) माताएँ
5. (ii) कर्म

(ग) 1. (✕), 2. (✓), 3. (✓), 4. (✓), 5. (✓)

(घ) 1. लड़की 2. मेढक
3. श्रीमती 4. रूपवान

(ङ) 1. शिक्षिका बच्चे को पढ़ा रही है।
2. मेरे पास एक रुपया है।
3. आकाश में पक्षी उड़ रहा है।
4. चिड़िया दाना चुग रही है।
5. लड़के पुस्तकें पढ़ते हैं।
6. सिपाहियों के पास बंदूकें हैं।
7. कुत्ता भौंक रहा है।

(च) 1. संबोधन कारक
2. कर्ता कारक
3. अधिकरण कारक
4. अपादान कारक
5. करण कारक

सोच-समझ से

1. वह लड़की अपनी सहेली के घर गई।
2. मैं कल दोस्त के साथ बाजार जाऊँगा।
3. क्रोध में मनुष्य की बुद्धि और विवेक नष्ट हो जाते हैं।
4. राम मोहन के साथ खेलने गया।
5. कमरे में मेज पर कुछ पुस्तकें रखकर वह खेलने चला गया।

कुछ करके देखिए

के / के / में / से / में / का / की /से / की / से।

पाठ – 9 सर्वनाम

बातों-बातों में

1. सर्वनाम के छः भेद हैं–1. पुरुषवाचक, 2. निश्चयवाचक, 3. अनिश्चय वाचक, 4. प्रश्नवाचक, 5. संबंधवाचक, 6. निजवाचक।
2. 'हम' तथा 'मैं' उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम हैं।
3. प्रश्नवाचक सर्वनाम के दो उदाहरण–
   1. यह पुस्तक <u>किसकी</u> है?
   2. तुम्हारा नाम <u>क्या</u> है?
4. <u>किसी</u> ने बाहर कुर्सी रख दी।

लिखित में

(क) 1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द **सर्वनाम** कहलाते हैं; जैसे– **वह** अचानक पेड़ से गिर गया।
2. **निश्चयवाचक सर्वनाम** किसी दूर या पास की निश्चित वस्तु, स्थान या व्यक्ति के लिए प्रयुक्त होता है; जैसे–वह मोर नाच रहा है, जबकि **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** किसी अनिश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध कराते हैं; जैसे–किसी ने बाहर कुर्सी रख दी।
3. जो सर्वनाम शब्द स्वयं के लिए प्रयुक्त हों, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे–आप ही, स्वयं, अपने-आप आदि।
4. 1. आप भ्रमण पर जाया करें।
   2. वे खेल रहे हैं।

(ख) 1. (ii) निजवाचक
2. (iii) कोई
3. (iii) कुछ
4. (i) और (ii) मैं, हम

(ग) 1. (×), 2. (×), 3. (✓), 4. (×), 5. (×)

(घ) 1. कोई 2. किससे
3. स्वयं 4. उसका
5. उसके पास 6. उसकी

7. अपने–आप

(ङ) 1. अपने — निजवाचक सर्वनाम
2. वह — निश्चयवाचक सर्वनाम
अपना — निजवाचक सर्वनाम
स्वयं — निजवाचक सर्वनाम
3. उसके — अन्य पुरुषवाचक सर्वनाम
4. मेरे — उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम
5. आपके — मध्यम पुरुषवाचक सर्वनाम

सोच–समझ से

1. वह कलम से लिखता है।
2. बच्चे गेंद से खेल रहे हैं।
3. मैं बस से स्कूल जाता हूँ।
4. साधुओं की संगति से बुद्धि सुधरती है।
5. माँ ने चाकू से सब्जी काटी।

कुछ करके देखिए

1. मैं अपना काम खुद करता हूँ।
2. हम कल स्कूल जाएँगे।
3. दूध में कुछ गिर गया है।
4. जिसको मेहनत करनी थी, उसको सफलता मिली।
5. जो करेगा, सो भरेगा।
6. इनमें से किन पर भरोसा किया जाए।

पाठ – 10 विशेषण

बातों–बातों में

1. संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द **विशेषण** कहलाते हैं।
2. विशेषण चार प्रकार के होते हैं–
   1. गुणवाचक 2. संख्यावाचक
   3. परिमाणवाचक 4. सार्वनामिक
3. प्रविशेषण वे शब्द होते हैं जो विशेषण की भी विशेषता बताते हैं, यानी ये बताते हैं कि कोई गुण, मात्रा या संख्या कितनी है; जैसे– बहुत, अत्यंत, थोड़ा, अधिक आदि।
4. कमाऊ।

लिखित में

(क) 1. संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताने वाले शब्द विशेषण कहलाते हैं। जैसे–लाल गुलाब खिला है।
2. संख्यावाचक विशेषण गिनने योग्य वस्तुओं की संख्या (जैसे–दो, चार, कई) बताता है, जबकि परिमाणवाचक विशेषण नापने–तौलने योग्य वस्तुओं की मात्रा या नाप–तौल (जैसे– थोड़ा, ज्यादा, किलो) बताता है; मुख्य अंतर यह है कि एक 'कितने' का जवाब देता है और दूसरा 'कितना' का।
3. निश्चित संख्यावाचक विशेषण किसी संज्ञा की ठीक संख्या बताते हैं (जैसे– तीन बच्चे), जबकि अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण संख्या का ठीक बोध न कराकर अनुमान बताते हैं (जैसे–कई बच्चे)।
4. **सर्वनाम के रूप में प्रयोग–**
   1. दरवाजे पर कोई खड़ा है।
   2. इसे यहाँ से हटाओ।

   सार्वनामिक विशेषण के रूप में प्रयोग–
   1. दरवाजे पर कोई आदमी खड़ा है।
   2. इस बालक को यहाँ से हटाओ।

(ख) 1. (i) केले
2. (i) मुझे पाँच लीटर दूध चाहिए।
(iii) मेरे पास पाँच सौ रुपये हैं।
3. (ii) उसके विद्यालय का नाम सरस्वती विद्या मंदिर है।

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (✓)

(घ) 1. दो 2. दो किलो
3. कौन–सा 4. मीठे
5. बहुत

सोच–समझ से

1. छात्र स्वयं करें।
2. (i) वह बहुत सुंदर लड़की है।
(ii) मुझे ज्यादा मीठा पसंद नहीं है।
(iii) यह सवाल बिलकुल आसान है।
(iv) वह एकदम सही कह रहा है।
(v) आज मौसम काफी ठंडा है।

कुछ करके देखिए

छात्र स्वयं करें।

पाठ – 11 क्रिया

बातों–बातों में

1. किसी कार्य के करने या होने के बारे में बताने वाले शब्द **क्रिया** कहलाते हैं।
2. कर्म के आधार पर क्रिया के दो भेद हैं–
1. अकर्मक तथा 2. सर्कमक।
3. भूतकाल के छः भेद हैं–
1. सामान्य भूतकाल, 2. आसन्न भूतकाल, 3. पूर्ण भूतकाल, 4. अपूर्ण भूतकाल, 5. संदिग्ध भूतकाल, 6. हेतुहेतुमद भूतकाल।
4. **(i) वर्तमान काल–**
1. विद्यार्थी मैदान में हॉकी खेल रहे हैं।
2. सूर्य पश्चिम में अस्त होता है।
(ii) भूतकाल–
1. बालक मैदान में पतंग उड़ा रहे थे।
2. मैं भ्रमण के लिए गई थी।
(iii) भविष्यत काल–
1. आज हम मैच खेलेंगे।
2. मैं भाई के राखी बाँधूँगी।

लिखित में

(क) 1. क्रिया का जो रूप क्रिया के करने या होने के समय का बोध कराता है, उसे **काल** कहते हैं; जैसे– वे ट्रेन से वापस आए। (भूतकाल)
2. जिन क्रिया शब्दों के साथ कर्म होता है, उन्हें **सकर्मक क्रिया** कहते हैं; जैसे–बंदर केला खाता है।
3. क्रिया का मूल रूप **धातु** कहलाता है; जैसे– देख, बोल, पढ़, खा।
4. सकर्मक क्रिया को अपना अर्थ पूरा करने के लिए कर्म की आवश्यकता होती है, जिस पर क्रिया का प्रभाव पड़े, जबकि अकर्मक क्रिया को कर्म की जरूरत नहीं होती और क्रिया का प्रभाव केवल कर्ता पर ही रहता है। जैसे–
बच्चा सोता है। (अकर्मक क्रिया)
राम किताब पढ़ता है। (सकर्मक क्रिया)
5. जो क्रिया आने वाले समय में होने का ज्ञान करवाती है, उसे भविष्यत काल कहते हैं। जैसे–मैं भाई के राखी बाँधूँगी।

(ख) 1. (i) अकर्मक।
2. (i) धातु।
3. (ii) भूतकाल का।
4. (iii) वंश भिखारी को भीख देता है।

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (×), 5. (✓)

(घ) 1. पढ़ना 2. भागना
3. झपकी 4. कूदना
5. सींचा 6. चिल्लाना

(ङ) 1. अपूर्ण वर्तमान काल
2. संभाव्य भविष्यत काल
3. सामान्य वर्तमान काल
4. अपूर्ण वर्तमान काल
5. सामान्य भूतकाल
6. भविष्यत् काल

सोच-समझ से

1. वर्तमान काल (आज, अब) और भविष्यत काल (काल, बहुरि करेगा।)

कुछ करके देखिए

छात्र स्वयं करें।

पाठ – 12 अव्यय

बातों-बातों में

1. ये चार प्रकार के होते हैं–
   1. क्रिया विशेषण
   2. संबंधबोधक
   3. समुच्चय बोधक
   4. विस्मयादिबोधक।
2. क्रियाविशेषण के चार भेद होते हैं–
   1. रीतिवाचक क्रियाविशेषण
   2. स्थानवाचक क्रियाविशेषण
   3. कालवाचक क्रियाविशेषण
   4. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण
3. (i) तुम काम करोगे या घर जाओगे।
   (ii) मैं आपकी बात मानूँगा लेकिन तुम्हें पैसे देने होंगे।

लिखित में

(क) 1. जिन शब्दों के रूप लिंग, वचन, कारक आदि के साथ नहीं बदलते, उनको **अव्यय** या **अविकारी शब्द** कहा जाता है।

2. जिन क्रियाविशेषण शब्दों से क्रिया के होने के स्थान का पता चलता है, उन्हें **स्थानवाचक क्रियाविशेषण** कहते हैं। जैसे– केशव नीचे रहता है।
तुम कमरे के **भीतर** रहना।

3. विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं; जैसे–बड़ा घर, सुन्दर फूल, जबकि क्रिया विशेषण क्रिया, विशेषण या किसी अन्य क्रियाविशेषण की विशेषता बताते हैं; जैसे–धीरे चलता है, बहुत सुंदर, जल्दी से भागना।

4. (i) मेहमान अभी आएँगे।
(ii) कोयल कभी-कभी गाती है।
(iii) ऐसी बारिश दो साल बाद हुई है।

5. जो अव्यय आश्चर्य, हर्ष, घृणा, विस्मय आदि मन के भावों को व्यक्त करते हैं, उन्हें **विस्मयादिबोधक** अव्यय कहते हैं; जैसे–
वाह! कितनी सुंदर तितली।
अरे! तुम कब आए?

(ख) 1. ही 2. भर
3. भर 4. ही
5. ही 6. भर

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (×), 5. (✓)

(घ) 1. (i) अचानक
2. (iii) संबंधबोधक अव्यय
3. (i) विस्मयादिबोधक

(ङ) 1. घृणा, तिरस्कार, अरुचि
2. भय, शोक, आश्चर्य
3. सावधानी, समझदारी, कुशलता
4. हर्ष, प्रशंसा

5. शोक, आश्चर्य, घृणा
6. घृणा, तिरस्कार, तीव्र असंतोष

➡ सोच-समझ से

1. उसने बहुत मेहनत की, परंतु सफल नहीं हो सका।
2. मैं स्कूल नहीं गया क्योंकि मैं बीमार था।
3. उमा अथवा रमा को बुला लो।
4. हमें कड़ी मेहनत करनी चाहिए ताकि हम परीक्षा में सफल हो सकें।
5. यद्यपि वह बहुत बीमार था, तथापि वह स्कूल गया।

➡ कुछ करके देखिए

1. प्रतिदिन	2. पेड़ के ऊपर
3. कल	4. अधिक
5. यहाँ	6. नीचे
7. अंदर	8. खूब
9. बाहर	10. जल्दी-जल्दी

पाठ – 13 वाक्य-विचार

➡ बातों-बातों में

1. वाक्यों के अंगों के नाम–
   1. उद्देश्य और 2. विधेय हैं।
2. वाक्य में प्रयुक्त कर्ता अर्थात् क्रिया को संपन्न करने वाला, **उद्देश्य** होता है।
3. जिस वाक्य में एक उद्देश्य और एक ही विधेय होता है, उसे **सरल वाक्य** कहा जाता है।
4. अर्थ के आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं।

➡ लिखित में

(क) 1. शब्दों के सार्थक तथा व्यवस्थित समूह को वाक्य कहा जाता है; जैसे– उसने मुझे कल पचास रुपये दिए।

2. उद्देश्य वाक्य का वह हिस्सा होता है जिसके बारे में कुछ कहा जाता है (कर्ता), जबकि विधेय वह हिस्सा होता है जो उद्देश्य के बारे में कुछ बताता है (क्रिया और उससे जुड़ी जानकारी)।

3. जिस वाक्य में एक प्रधान वाक्य होता है और एक या अधिक वाक्य (उपवाक्य) उस पर आश्रित होकर जुड़े रहते हैं, उसे मिश्र वाक्य कहा जाता है। जैसे– नंदिता आएगी तो निर्मला उसके साथ बाहर जाएगी।

4. **इच्छावाचक वाक्य**–जिन वाक्यों में इच्छा, शुभकामना आदि के भाव प्रकट हों, उन्हें इच्छावाचक वाक्य कहते हैं, जैसे–
   1. ईश्वर तुम्हें लंबी उम्र दे।
   2. नए साल की हार्दिक शुभकामनाएँ।

   संकेतवाचक वाक्य–जिन वाक्यों में एक क्रिया का होना दूसरी क्रिया पर निर्भर हो, उन्हें संकेतवाचक वाक्य कहते हैं; जैसे–1. रात होगी तो आसमान में चाँद निकलेगा। 2. वर्षा होती तो फसल अच्छी होती।

5. (i) शाबाश! तुमने बहुत अच्छा काम किया।
   (ii) वाह! कितना सुंदर गुलाब है।

(ख) 1. (ii) संयुक्त वाक्य।
2. (i) मैं विद्यालय नहीं जाऊँगा।
3. (i) संदेहवाचक।

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (✓)

(घ) 1. शब्दों।
2. उद्देश्य।
3. संयुक्त।
4. विधानवाचक।

5. व्याकरणिक।

(ङ) 1. रिया आकर मेरे लिए केले लाई।
2. चिड़िया उड़ गई और वृक्ष पर जा बैठी।
3. सारिका परिश्रमी छात्रा है और उसे पुरस्कार मिला।
4. यह वही लड़का है जो कल पार्क में खेल रहा था।
5. अरे! तुम बाहर जाकर खड़े हो जाओ।

(च)

	उद्देश्य	विधेय
1.	चिड़िया	दाना चुग रही है।
2.	प्रधानाचार्य ने	आज विद्यालय में छुट्टी कर दी।
3.	सभी किसान	खेतों को जोत रहे हैं।
4.	यह ट्रेन	दिल्ली जाएगी।
5.	माँ	कपड़े धो रही हैं।
6.	सूरज	निकल आया है।

➡ सोच-समझ से

अर्थ आधार पर वाक्य के आठ भेद हैं–

विधानवाचक वाक्य–भारत हमारा देश है।

निषेधवाचक वाक्य–मैं घर नहीं जाऊँगा।

प्रश्नवाचक वाक्य–आपका नाम क्या है?

आज्ञार्थक वाक्य–कृपया शांति से बैठ जाइए।

संदेहवाचक वाक्य–शायद आज बारिश होगी।

संकेतवाचक वाक्य–यदि तुम मेहनत करते, तो सफल हो जाते।

इच्छावाचक वाक्य–नववर्ष मंगलमय तुम हो।

विस्मयादिबोधक वाक्य–वाह! क्या सुंदर फूल है।

➡ कुछ करके देखिए

1. मेरा सारा दही फैल गया।
2. पाँच और पाँच मिलकर दस होते हैं।
3. मेले में अनेक दुकानें थीं।
4. वह डिब्बे पर चढ़ गया।
5. वह खाना खाता है।
6. तुम अपने भाई पर ध्यान दो।
7. ज्यादा हवा भरने से गुब्बारा फूट गया।
8. कृपया मेरी प्रार्थना स्वीकार करें।
9. हनुमान मन और गरुड़ की गति से भी तेज चले।
10. खरगोश को गाजर काटकर खिलाओ।

पाठ – 14 विराम-चिह्न

➡ बातों-बातों में

1. विराम चिह्न भाषा में अर्थ, भाव और ठहराव को स्पष्ट करने का काम करते हैं।
2. विराम-चिह्न अर्थ है–रुकना या ठहरना।

➡ लिखित में

(क) 1. पढ़ते या लिखते समय भाषा के भावों में स्पष्टता लाने के लिए जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **विराम-चिह्न** कहते हैं।
2. अशुद्ध विराम चिह्नों के प्रयोग से भाषा के अर्थ में भ्रम, अस्पष्टता और अनर्थ हो सकता है, क्योंकि ये चिह्न ठहराव, भाव और विचारों को स्पष्ट करते हैं। इनके गलत इस्तेमाल से वाक्य का मतलब बदल जाता है।
3. किसी वाक्य में छूटे हुए शब्द या अंश के लिए त्रुटिपूरक चिह्न (^) का प्रयोग करते हैं। जैसे–राम ^को हनुमान बहुत प्यारे थे।

(ख) 1. (ii) ?
2. (iii) दो विपरीत शब्दों के मध्य।
3. (i) अरे तुम आ भी गए?

(ग) 1. ! विस्मयादिबोधक चिह्न।
2. ; अर्धविराम।
3. – योजक चिह्न
4. ‘‘ ’’ उद्धरण चिह्न
5. ^ त्रुटिपूरक चिह्न

सोच-समझ से

इकहरा उद्धरण चिह्न–
जैसे–सुभाषचंद्र बोस ‘नेताजी’, प्रेमचंद की कहानी ‘पंच परमेश्वर’
दोहरा उद्धरण चिह्न–
जैसे–लाल बहादुर शास्त्री ने नारा दिया, ‘‘जय जवान, जय किसान’’ सुभाषचंद्र बोस ने कहा था, ‘‘तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूँगा।’’

कुछ करके देखिए

छात्र स्वयं करें।

पाठ – 15 मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ

बातों-बातों में

1. भाषा का विशेष अर्थ प्रकट करने वाले वाक्यांशों को **मुहावरा** कहते हैं।
2. आँखों में धूल झोंकना।
3. वस्तु एक, चाहने वाले अनेक।

लिखित में

(क) 1. जो वाक्यांश सीधे-सीधे अर्थ न बताकर किसी विशेष अर्थ का बोध कराएँ, उन्हें मुहावरा कहते हैं; जैसे– नाक में दम करना।
2. लोक में प्रचलित उक्ति जो लोक अनुभव पर आधारित हो, **लोकोक्ति** कहलाती है।
3. मुहावरे वाक्य के अंश होते हैं जो लाक्षणिक अर्थ देते हैं और वाक्य के अनुसार बदलते हैं; जैसे–नौ दो ग्यारह होना = भाग जाना, जबकि लोकोक्तियाँ अपने आप में पूर्ण होती हैं; जो लोक अनुभव पर आधारित होती हैं और ज्यों की त्यों प्रयोग होती हैं; जैसे– आम के आम गुठलियों के दाम = दोहरा लाभ मिलना।
4. नाच न जाने आँगन टेढ़ा = अपनी योग्यता छिपाने के लिए दूसरों पर दोष लगाना। जैसे– काम खराब हो गया तो कहने लगा, नाच न जाने आँगन टेढ़ा।

(ख) 1. (i) आँखों का तारा होना।
2. (ii) खुशियाँ मनाना।
3. (iii) खोदा पहाड़ निकली चुहिया।

(ग) 1. (✓), 2. (×), 3. (✓), 4. (×)

(घ) 1. जब भाई ने अपनी बहन के साथ अन्याय को देखा, तो आपे से बाहर हो गया और सब पर चिल्लाने लगा।
2. मैं सोहन को सबक सिखाना चाहता हूँ, परन्तु मेरा नाम नहीं आना चाहिए। कुछ ऐसा करो कि साँप मरे न लाठी टूटे।
3. मैं परीक्षा देने आगरा जा रहा हूँ, इस बहाने ताजमहल भी देख लूँगा, इस तरह एक पंथ दो काज हो जायेंगे।
4. अमीरी का दिखावा करने वाले प्राय: ऊँची दुकान, फीके पकवान जैसे होते हैं।
5. पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गए।
6. तीन बार हाईस्कूल फेल शुभम इंटर कालेज के छात्रों को पढ़ाने की बात करने लगा तो सब ने कहा– थोथा चना बाजे घना।

(ङ) 1. (iv), 2. (v), 3. (vi), 4. (ii), 5. (vii), 6. (iii), 7. (i)

सोच-समझ से

शरीर के अंगों से सम्बन्धित पाँच मुहावरे

1. अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना (स्वयं अपनी प्रशंसा करना)।
2. आँखों में धूल झोंकना (धोखा देना)।
3. अपने पैरों पर खड़ा होना (स्वावलंबी होना)।
4. उँगली उठाना (दोष लगाना)
5. कलेजा ठंडा होना (संतोष होना)

जीव-जंतुओं से संबंधित पाँच लोकोक्तियाँ

1. अक्ल बड़ी या भैंस (शारीरिक शक्ति की अपेक्षा मानसिक शक्ति ही महत्वपूर्ण)।
2. आ बैल मुझे मार (स्वयं संकट खड़ा करना)।
3. खोदा पहाड़ निकली चुहिया (मेहनत अधिक, फल कम)।
4. साँप मरे न लाठी टूटे (बिना कुछ गँवाए काम का होना)।
5. ऊँट के मुँह में जीरा (आवश्यकता से कम मिलना)।

कुछ करके देखिए

1. गागर में सागर।
2. उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे।
3. हाथ दिखाना।

पाठ – 16 अपठित गद्यांश

(1) 1. हमारा पर्यावरण शुद्ध और स्वच्छ होना चाहिए।
2. कारखानों तथा वाहनों से निकलने वाला धुआँ पर्यावरण को प्रदूषित कर रहा है।
3. शीर्षक–पर्यावरण प्रदूषण।
4. पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारण बढ़ती हुई जनसंख्या है।
5. हम जिस वातावरण में रहते हैं, उसे पर्यावरण कहते हैं। जिस वातावरण में हम रहते, उसका शुद्ध और स्वच्छ होना जरूरी है। लेकिन हमारा पर्यावरण जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं है। इसके कई कारण हैं– 1. बढ़ती हुई जनसंख्या। 2. कारखानों और वाहनों से निकलने वाला धुआँ। हमारे पर्यावरण को अणुशक्ति परीक्षण और वैज्ञानिक प्रयोगों से भी हानि पहुँची है।

(2) 1. भारत में शासन की लोकतंत्र-प्रणाली है।
2. शासन की शक्ति एक हाथ में केन्द्रित, इसलिए नहीं है कि देश में लोकतंत्र प्रणाली है।
3. शीर्षक–शासन की लोकतंत्र प्रणाली।
4. लोकतंत्र शासन प्रणाली में देश के नागरिक अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो उन पर शासन करते हैं।
5. भारत की स्वतंत्रता के साथ ही शासन के लिए लोकतंत्र प्रणाली को चुना गया, जिसमें देश के नागरिक हर पाँचवें वर्ष अपने प्रतिनिधियों को चुनते हैं जो उन पर शासन करते हैं। लोकतंत्र प्रणाली में ईमानदार तथा योग्य व्यक्तियों को जनसेवा का अवसर मिलता है।

(3) 1. बाजार से सामान लेते समय उस सामान का बिल अवश्य लेना चाहिए।
2. बिल होने से सामान लौटाने में या बदलवाने में सुविधा रहती है।
3. शीर्षक–खरीददारी में समझदारी।

4. बिल लेकर उसका योग जाँच लेना चाहिए।
5. **सारांश**–बाजार से खरीददारी करते समय दुकानदार से बिल अवश्य लेना चाहिए। इसमें मात्रा और मूल्य के साथ योग भी दिया होता है, उसे अवश्य जाँच लेना चाहिए। जैसे–दवा दुकानदार से कोई ऐसी दवा आ जाती है, जिसकी उपयोग अवधि निकल चुकी हो तो बिल दिखाकर बदलवा सकते हैं। हम बिल न होने पर किसी भी प्रकार का दबाव नहीं बना सकते।

(4) 1. वे दोनों अंग्रेज अफसर समझ रहे थे कि ये गेरुए वस्त्र वाला संन्यासी अंग्रेजी नहीं जानता।
2. स्वामीजी ने स्टेशन मास्टर को बुलाकर अंग्रेजी में कहा, ''कृपया थोड़ा पीने का पानी मँगवा दीजिए।''
3. स्वामीजी को अंग्रेजी बोलता देखकर अंग्रेज यात्रियों का सिर शर्म से झुक गया।
4. शीर्षक–ज्ञानी विवेकानंद।
5. स्वामी विवेकानंद की रेल यात्रा के दौरान दो अंग्रेज अफसर भी बैठे हुए थे, जो स्वामीजी के प्रति बुरा बोल रहे थे। वे समझ रहे थे कि संन्यासी अंग्रेजी नहीं जानते। इसी बीच एक स्टेशन पर गाड़ी रुकी तो स्वामीजी ने स्टेशन मास्टर को बुलाकर अंग्रेजी में कहा, ''कृपया थोड़ा पीने का पानी मँगवा दीजिए।'' स्वामीजी की अंग्रेजी सुनकर अंग्रेज यात्रियों का सिर शर्म से झुक गया। उनमें से एक ने पूछा, ''आप अंग्रेजी जानते हुए अनर्गल बातें सुनकर क्रोधित क्यों नहीं हुए? स्वामीजी ने हँसते हुए कहा, ''मित्रो, आप जैसे व्यक्तियों के सम्पर्क में आने का मेरा यह पहला अवसर नहीं है। नासमझ लोगों पर गुस्सा करके अपनी शक्ति बर्बाद क्यों करूँ।''

अपठित पद्यांश

(1) 1. (iv) 2. (ii) 3. (i)

(2) 1. वृक्ष हमें छाया देते हैं, जो आराम के अच्छे स्थान बन जाते हैं। लोगों को मीठे फल और धरती पर वर्षा करके प्यास बुझाते हैं। वृक्ष शुद्ध वायु के साथ निरोग रखते हैं।
2. वृक्षों से मिलने वाले दो लाभ–(i) शीतल छाया देते हैं। (ii) शुद्ध वायु देकर लोगों को निरोग रखते हैं।
3. शीर्षक–परोपकारी वृक्ष/वृक्षों का महत्व।
4. कवि हमसे कहता है कि वृक्ष परोपकारी पादप है। इससे हमें पीने को पानी और खाने को मीठे फल मिलते हैं। वर्षा को आमंत्रण देकर धरती की प्यास बुझाते हैं। वृक्ष का हर अंग हमारे काम आता है यानि कि वृक्ष हमारे मित्र हैं। इन्हें नहीं काटना चाहिए।

(3) 1. प्रलय से मिट्टी हार नहीं मानती।
2. चक्रवर्ती सम्राटों और जग को जीतने वाले लोगों को मिट्टी जन्म देती है।
3. कवि ने मिट्टी को नश्वर कहा है।
4. शीर्षक– मिट्टी के रूप।

पाठ – 17 पत्र–लेखन

1. अपने दोस्त को नैनीताल घूमने जाने के संबंध में पत्र

प्रेषक का पताः
123, गाँधी नगर
आगरा–282005
दिनांकः 12 अप्रैल, 20––
प्रिय मित्र सुरेश,
सप्रेम नमस्कार!

आशा करता हूँ कि तुम और तुम्हारे परिवार के सभी सदस्य स्वस्थ और प्रसन्न होंगे। यह पत्र मैं तुम्हें अपने मन की योजना बताने के लिए लिख रहा हूँ।

इन गर्मियों की छुट्टियों में हमारे परिवार ने नैनीताल घूमने जाने का कार्यक्रम बनाया है। तुम तो जानते ही हो कि नैनीताल 'झीलों का शहर' कहलाता है और वहाँ का सौन्दर्य देखते ही बनता है। मैं सोच रहा था कि क्यों न इस यात्रा को और भी यादगार बनाया जाए। मैं चाहता हूँ कि तुम भी हमारे साथ चलो। हम नैनीताल की झील पर नौका विहार करेंगे, पहाड़ियों पर ट्रैकिंग करेंगे और नैना देवी के दर्शन कर धार्मिक यात्रा भी सिद्ध कर देंगे। तुम्हारे साथ से यह यात्रा और भी मजेदार हो जाएगी।

मेरे माता–पिता ने भी तुम्हें आमंत्रित किया है। वे तुम्हें बहुत पसंद करते हैं। यदि तुम्हारे माता–पिता अनुमति दें, तो कृपया मुझे जल्द ही बताना। हम जून के पहले सप्ताह में जाने का विचार कर रहे हैं।

अपनी सहमति का उत्तर शीघ्र देना। आपके जवाब की प्रतीक्षा रहेगी।

तुम्हारा प्रिय मित्र
अजेय

प्राप्तकर्ता का पता
सुजान शर्मा
256, ग्रीन सिटी
लखनऊ, उत्तरप्रदेश–226001

2. अपने मामाजी को कक्षा में प्रथम आने की जानकारी के संबंध में पत्र

प्रेषक का पताः
साक्षी शर्मा
102, गायत्री अपार्टमेंट
यमुना पार, मथुरा (उत्तरप्रदेश)
पिनकोड–281001
दिनांकः 10 अप्रैल, 20––
सेवा में
श्रीमान् मामाजी
45, गाँधी मार्ग
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001
आदरणीय मामाजी,
सादर प्रणाम!

आशा करती हूँ कि आप और मामीजी सकुशल होंगे। मैं यह पत्र आपको अपनी एक खुशखबरी बताने के लिए भेज रही हूँ।

आपको यह जानकर खुशी होगी कि इस वर्ष मैंने अपनी कक्षा–6 की वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुझे कुल 95 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। मेरे विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने मुझे मेडल और प्रमाण–पत्र देकर सम्मानित किया है। माताजी और पिताजी बहुत खुश हैं।

मैं यह सफलता आपके आशीर्वाद और मेरे अध्यापकों के मार्गदर्शन का परिणाम मानती हूँ। आपकी प्रेरणा से मैंने नियमित अध्ययन किया और इसके बाद यह उपलब्धि प्राप्त हुई।

आपसे अनुरोध है कि जब भी समय मिले, हमारे यहाँ अवश्य पधारें ताकि मैं आपको अपना प्रमाण-पत्र दिखा सकूँ।

आपकी भांजी

साक्षी

3. प्रधानाचार्य जी को बस बदलने के लिए प्रार्थना-पत्र

सेवा में

श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय।

राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय,

सरस्वती विहार, दिल्ली।

विषय–विद्यालय बस बदलने हेतु प्रार्थना-पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन यह है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा-6 का छात्र हूँ। मेरा नाम आलोक शर्मा है और मैं विद्यालय की बस संख्या 5 से आता-जाता हूँ।

पिछले कुछ दिनों से यह बस लगातार देरी से आ रही है और कई बार तकनीकी समस्याओं के कारण रास्ते में ही रुक जाती है। इसके अलावा बस में पर्याप्त सीटें नहीं हैं, जिससे छात्रों को खड़े होकर यात्रा करनी पड़ती है, जो सुरक्षा की दृष्टि से उचित नहीं है।

अत: मेरा आपसे विनम्र निवेदन है कि हमारे मार्ग की बस बदलकर कोई नई और अच्छी स्थिति वाली बस की व्यवस्था करने की कृपा करें, ताकि हम सभी छात्र सुरक्षित और समय पर विद्यालय पहुँच सकें

धन्यवाद।

आपका आज्ञाकारी शिष्य,

आलोक शर्मा

कक्षा-6 'अ'

अनुक्रमांक-15

दिनांक: 12 अप्रैल, 20--

4. प्रेषक:

अर्जुन सिंह

कक्षा-6 बी

शिव निकेतन आवासीय विद्यालय

रानीखेड़ा, उत्तराखंड

दिनांक: 15 अप्रैल, 20--

सेवा में,

प्रबंधक महोदय

स्पोर्ट्स वर्ल्ड

मुख्य बाजार, हल्द्वानी

विषय– खेल सामग्री मँगवाने हेतु पत्र।

महोदय,

हमारे विद्यालय की ओर से आपको सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि इस वर्ष हमारे विद्यालय में वार्षिक खेल-प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसके लिए हमें कुछ खेल सामग्री की आवश्यकता है।

आपसे निवेदन है कि निम्नलिखित सामग्री हमें शीघ्र उपलब्ध करवाने की कृपा करें।

1. क्रिकेट बैट-5 नग

2. टेनिस बॉल-1 दर्जन

3 फुटबॉल-4 नग

4. वॉलीबॉल नेट-2 नग

5. बैडमिंटन रैकेट-6 नग

6. खेल जूते (साइज 4-6)- 10 जोड़ी

कृपया सामग्री की गुणवत्ता अच्छी रखें और बिल के साथ विद्यालय के पते पर भेज दें। भुगतान डिलीवरी के बाद विद्यालय कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

आशा है आप शीघ्र सामग्री भेजकर सहयोग प्रदान करेंगे।

धन्यवाद सहित,

भवदीय

अर्जुन सिंह
(विद्यालय की ओर से)

5. सेवा में,
संपादक महोदय,
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक हिन्दुस्तान
दिल्ली कार्यालय, दिल्ली।

विषय– बिजली संकट से उत्पन्न कठिनाइयों के बारे में।

महोदय,

मैं आपके समाचार पत्र के माध्यम से स्थानीय बिजली विभाग व प्रशासन का ध्यान अपने क्षेत्र में बिजली संकट की गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ।

हमारे रामनगर कॉलोनी, वार्ड नंबर 7 में पिछले एक महीने से बिजली की भारी कमी हो रही है। प्रतिदिन 8 से 10 घंटे बिजली गुल रहती है। इसके कारण निम्नलिखित कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है–

- छात्रों को रात में पढ़ाई में बाधा आ रही है।
- गर्मी के दिनों में पंखे/कूलर न चलने से बुजुर्गों व बच्चों को स्वास्थ्य समस्याएँ हो रही हैं।
- पानी की मोटर न चलने से पानी की किल्लत हो गई है।
- घरों में रखा खाना खराब हो जाता है।

इतनी लंबी कटौती से लगता है कि बिजली विभाग कोई पूर्व योजना के बिना कटौती कर रहा है। आपके समाचार पत्र के माध्यम से हम निवेदन करते हैं कि इस समस्या पर तुरंत ध्यान दिया जाए और बिजली आपूर्ति नियमित की जाए।

आशा है कि आप इस जनहित के मुद्दे को अपने अखबार में स्थान देंगे।

धन्यवाद सहित,
भवदीया
नीतू शर्मा
रामनगर कॉलोनी, वार्ड नं. 7
दिनांक: 15 अप्रैल, 20--

6. सेवा में,
श्रीमान् प्रधानाचार्य महोदय,
सरस्वती विद्या मंदिर,
विकास नगर, दिल्ली।

विषय: बीमारी के कारण अवकाश हेतु प्रार्थना पत्र।

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय में कक्षा 6 'ब' का छात्र हूँ। मेरा नाम अंशुल वर्मा है और मेरा अनुक्रमांक 12 है।

पिछले दो दिनों से मुझे तेज बुखार एवं खाँसी-जुकाम होने के कारण चिकित्सक ने मुझे पूर्ण विश्राम करने की सलाह दी है। डॉक्टर के अनुसार मुझे इस स्थिति में कम से कम तीन दिन तक आराम करना आवश्यक है।

अत: मैं आपसे विनम्र अनुरोध करता हूँ कि मुझे दिनांक 16 अप्रैल 20-- से 18 अप्रैल 20-- तक (तीन दिन) का अवकाश प्रदान करने की कृपा करें। मैं स्वस्थ होने के बाद अपनी पढ़ाई का नुकसान पूरा करने का पूरा प्रयास करूँगा। आपकी अति कृपा होगी।

धन्यवाद सहित,
आपका आज्ञाकारी शिष्य
अंशुल वर्मा
कक्षा-6 'ब'
अनुक्रमांक 12
दिनांक: 15 अप्रैल, 20--

पाठ – 18 संवाद लेखन

1. अजय और विजय सुबह स्कूल के मैदान में मिलते हैं।

अजय – नमस्ते विजय आज सुबह से ही किताब में नाक घुसाए दिख रहे हो।

विजय – अरे, नमस्ते अजय! हाँ यार, अगले हफ्ते से तो वार्षिक परीक्षाएँ शुरू हो रही हैं। अभी से कुछ पढ़ लूँ, तो आखिरी दिनों में रट्टा नहीं मारना पड़ेगा।

अजय – सही कह रहे हो। मैंने भी एक टाइम-टेबल बना लिया है। सुबह गणित और विज्ञान की तैयारी करता हूँ, क्योंकि तब दिमाग ताजा रहता है।

विजय – वाह! अच्छा विचार है। मैं तो अभी तक पुराने प्रश्नपत्र हल कर रहा हूँ। इससे पैटर्न और महत्वपूर्ण प्रश्न समझ में आ जाते हैं।

अजय – हाँ, यह भी जरूरी है। क्या तुमने सामाजिक विज्ञान के नक्शे और तिथियाँ याद कर ली हैं? मुझे तो वही कठिन लगते हैं।

विजय – उनके लिए मैं चार्ट बना रहा हूँ, और दीवार पर चिपका दिया है। रोज देखने से याद हो जाता है। तुम भी ऐसा करो।

अजय – धन्यवाद, यह टिप अच्छी है। एक बात और तुम्हारी हिंदी निबंध की तैयारी कैसी चल रही है?

विजय – मैं हर दिन एक नया विषय चुनकर उस पर दो पेज लिखने का अभ्यास कर रहा हूँ। शिक्षिका ने कहा था कि अभ्यास से ही लेखन शैली सुधरती है।

अजय – सच कहा। ठीक है, तो फिर चलो, आज से हम दोनों एक-दूसरे को कठिन सवाल पूछकर तैयारी करेंगे। टीम वर्क से काम आसान हो जाएगा।

विजय – बिल्कुल! शाम को पार्क में मिलते हैं और एक घंटा रिवीजन करते हैं।

अजय – ठीक है, तब तक के लिए अलविदा! पढ़ाई जारी रखो।

विजय – अलविदा अजय! मेहनत करते रहो।

(दोनों अपनी-अपनी कक्षा की ओर चले जाते हैं।)

संवाद का सार: यह संवाद दो मित्रों के बीच परीक्षा की तैयारी के तरीकों, समय प्रबंधन, विषय वार रणनीति और सहयोगात्मक अध्ययन पर केन्द्रित है।

2. मोहन और रामनाथ दो पड़ोसी शाम को बगीचे में बैठे बात कर रहे हैं।

मोहन – रामनाथ जी, आज अखबार में कश्मीर में फिर एक आतंकवादी हमले की खबर पढ़ी। दिल दहल गया, कितने निर्दोष लोग मारे गए।

रामनाथ – सच कहा मोहन जी, यह आतंकवाद एक कोढ़ बन गया है। ऐसी घटनाएँ न केवल जानलेवा हैं बल्कि पूरे समाज में भय और अशांति फैलाती हैं।

मोहन – बिल्कुल सही। इन आतंकवादियों का मकसद तो सिर्फ डर फैलाना और देश की शांति भंग करना होता है। आम लोग, महिलाएँ, बच्चे... किसी को नहीं बख्शा जाता।

रामनाथ – सबसे दुखद यह है कि इसकी जड़ में युवाओं को गुमराह किया जाता है। गरीबी, बेरोजगारी और गलत शिक्षा के कारण कुछ युवा गलत रास्ते पर चले जाते हैं।

मोहन – आपने ठीक कहा। हमारी सरकार को चाहिए कि वह न सिर्फ सख्त सुरक्षा उपाय करे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार और सही मार्गदर्शन की व्यवस्था भी करे। साथ ही, आम जनता को भी सतर्क रहना होगा।

रामनाथ – बिल्कुल। हमें अपने बच्चों को मानवता, देशभक्ति और शांति का पाठ पढ़ाना होगा। ताकि वे कभी भटके नहीं। और समाज के तौर पर हमें किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए।

मोहन – सही बात है। देश की सुरक्षा हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। उम्मीद करते हैं कि शासन-प्रशासन और जनता मिलकर इस समस्या से जल्द निपट लेंगे।

रामनाथ – हाँ, प्रार्थना करते हैं कि ऐसी घटनाएँ दोबारा न हों और देश में सद्भाव बना रहे। चलिए, अब चलते हैं।

मोहन – जी, नमस्ते।

(दोनों अपने-अपने घर की ओर चले जाते हैं।)

